संख्या–cm-470
18/09/2021

# मुख्यमंत्री ने कोविड टीकाकरण महाअभियान की सफलता पर बिहारवासियों को दी बधाई

- कोविड टीकाकरण महाअभियान के अंतिम ऑकड़ों के अनुसार बिहार पूरे देश में रहा प्रथम स्थान पर

पटना, 18 सितम्बर 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कोविड टीकाकरण महाअभियान के तहत बिहार में रिकॉर्ड टीकाकरण के लिए बिहारवासियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 सितंबर को आयोजित कोविड टीकाकरण महाअभियान के तहत 33 लाख 9 हजार 685 लोगों का टीकाकरण कर बिहार ने एक नया स्वर्णिम अध्याय लिखा है। प्राप्त अंतिम आंकड़ों के अनुसार पूरे देश में चलाये गये कोविड टीकाकरण महाअभियान में बिहार प्रथम स्थान पर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना टीकाकरण महाअभियान के तहत बिहार में 17 सितंबर को 30 लाख टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था लेकिन बिहार ने इस लक्ष्य को पार करते हुए 33 लाख 9 हजार 685 लोगों का टीकाकरण किया है जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने के लिए बिहारवासियों एवं खासकर स्वास्थ्य विभाग को बधाई देता हूं। उम्मीद करता हूं कि स्वास्थ्य विभाग आगे भी इसी मनोयोग के साथ निरंतर काम करता रहेगा।

******